## एक नजर में

### रक्षाबंधन के साथ ही पुण्य स्मृति में 111 ने किया रक्तदान



**खरगोन।** रक्षाबंधन और कोड़ावत ग्राम के सामाजिक बंधुओ की पुण्य स्मृति में कुनबी पटेल समाज निमाड़ ने मगरखेड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर की विशेषता यह रही इसमें सक्रिय रक्तदाता सतीश पटेल ने 49 वीं बार रक्तदान किया, उनके इस कार्य की समाजजनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने सराहना की। जिला अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में 111 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

ब्लड बैंक डॉ. विनय सिंह चौहान और सचिन चौहान ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से संग्रहित रक्त से सिकल सेल, एनिमिया और थैलेसीमिया के मरीजों को मदद मिलती है। शिविर में समाज के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। कुनबी पटेल समाज अध्यक्ष रामलाल पटेल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल समाज में एकजुटता बढ़ती है, बल्कि यह मानवता की सेवा करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

### श्रावण माह में प्रतिदिन संगीतमयी सुंदरकांड पाठ, श्रावणी पूर्णिमा पर हुआ विराम



**कसरावद, निप्र।** पावन श्रावण माह में पूरे एक माह तक प्रतिदिन संगीतमयी सुंदरकांड पाठ से नगर भक्ति रस में डूबा रहा। श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर में शनिवार, श्रावणी पूर्णिमा के दिन इस अनुष्ठान का विराम हुआ। इससे पहले श्री चिंतामणि हनुमान महाराज का भव्य श्रृंगार, पूजन कर सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए सामूहिक पाठ की प्रस्तुति दी गई।

श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या की उपस्थिति में भजन मंडल ने चौपाइयों और भजनों से वातावरण को गूंजा दिया। मंडल के शंकरराव सराफ, राकेश राठौड़, भगवान कुमरावत, गणेश प्रजापत और रणजीत पाटीदार ने बताया कि पिछले दो वर्षों से पूरे श्रावण माह में प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ किया जा रहा है। मंडल द्वारा हर सोमवार को नर्मदा तट के प्राचीन शिव मंदिरों में भी संगीतमयी पाठ आयोजित किया जाता है। करीब चालीस वर्षों से यह मंडल नगर व आसपास के क्षेत्रों में घर, प्रतिष्ठानों और मंदिरों में सुंदरकांड पाठ की परंपरा निभा रहा है। समापन अवसर पर विशेष पूजन के बाद महाप्रसादी वितरित की गई है।

### केन्द्रीय विद्यालय कसरावद के छात्र/छात्राए स्काउट गाइड केम्प हेतु उज्जैन रवाना

**कसरावद, निप्र।** केन्द्रीय विद्यालय के छात्र एवं छात्राए गोल्डन एरों कैंप उज्जैन मे भाग लेने हेतु रवाना हुये है, जिसमे कैम्प के




प्रशिक्षक रंजित कुमार एवं आरती सिंग के नेतृत्व मे छात्र कार्तिक यादव, समर प्रताप सराफ, संयम कोगे, अक्षत प्रजापत, हिमाशु खेडे एवं छात्रा तितिक्ष वर्मा, प्रियांशी भालसे उज्जैन मे स्काउट गाइड केम्प एवं अन्य गतिविधियो के लिये रवाना हुये है।

### रक्षा बंधन पर्व : बहनों ने दिया आशीर्वाद

**निमरानी, निप्र।** रक्षा बंधन के पावन अवसर पर परिवारजन एकत्रित हुए और पारंपरिक विधि-विधान से त्योहार मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर आरती उतारकर तिलक किया, नारियल दिया और मिठाई खिलाकर कर लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उपहार स्वरूप प्रेम व स्नेह भेंट किया। वातावरण में आपसी स्नेह और उल्लास का माहौल रहा।



### शिव आराधना से राष्ट्र आराधना का संकल्प

**खरगोन निप्र।** शिव आराधना से राष्ट्र आराधना का भाव लिए विश्व



मांगल्य सभा ने पांच स्त्रोत के सामूहिक पाठ का अनूठा आयोजन रखा। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। सभा अध्यक्ष श्रीमति शुभा खोड़े ने बताया कि यह आयोजन सावन के महीने में शिव आराधना के अंतर्गत, राष्ट्र.शिवार्चन कार्यक्रम के तहत किया गया। डीआरपी लाईन स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई। मातृशक्ति ने राष्ट्र की समृद्धि, खुशहाली की कामना लिए सामूहिक रूप से भगवान शंकर के पांच स्त्रोतों का पाठ करने के साथ ही भजन- कीर्तन किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में खंडवा जिला अध्यक्ष भारती पाराशर शामिल हुई। उन्होंने कहा कि भगवान शिव एकमात्र जिनके साकार और निराकार रुप है। राष्ट्र शिवार्चन एक धार्मिक और आध्यात्मिक संकल्पना है, जिसमें राष्ट्र की समृद्धि, सुरक्षा और खुशहाली के लिए भगवान शिव की पूजा की जाती है, ताकि राष्ट्र को सभी बुराइयों से बचाया जा सके और समृद्धि, शांति और खुशहाली लाई जा सके। संचालन संगीता वोरे ने किया। आभार कीर्ति जैन ने माना।

# शिवडोला में चारों ओर गूंज उठा हर-हर महादेव, जय सिद्धनाथ

## भगवान सिद्धनाथ को अपने बीच पाकर उल्लास से भरा भक्तों का मन

- **पौराणिक झांकियों में महिमा का बखान, अखाड़ों में दिखाया शौर्य, 10 नृत्य दल और 10 ढोल .ताशा ने मोहा मन**



नवभारत न्यूज

**खरगोन। सोमवार को वह दिन आ गया, जब भक्त और भगवान का मिलन वर्ष में एक बार मंदिर नही बल्कि शहर के मुख्य मार्गो पर हुआ। भगवान को अपने बीच पाकर भक्तों का मन भक्ति और उल्लास से भरा नजर आया। हर भक्त अपने अधिष्ठाता के दर्शन के लिए लालायित नजर आया।**

भक्त इस कदर आतुर रहे कि सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक करीब 6 किमी का मार्ग भक्तों से पटा रहा। चहुंओर हर-हर महादेव, जय सिद्धनाथ का जयकारा और भजन गूंजायमान होते रहे। अवसर था भादौ दूज पर जमींदार मोहल्ला क्षेत्र में स्थापित अधिष्ठाता देव भगवान श्री सिद्धनाथ के शिवडोले का। भगवान के नगर भ्रमण का यह 57वां वर्ष है। साल- दर साल डोले का स्वरुप वृहद हो रहा है, इस बार भगवान सिद्धनाथ और महाबलेश्वर महादेव ने 27 पौराणिक झांकी, चार अखाड़ा, 10 नृत्य दल, 10 ढोल.ताशा दल, एक नगाड़ा दल, दो भजन मंडली के साथ नगर भ्रमण पर निकले। शिवडोले की अगुवाई दो अश्व सवार युवाओं ने की।

शिवडोले की इस बार खासियत रही कि 6. बजकर 40 मिनट पर एक साथ सामूहिक रुप से



हनुमान चालीसा का पाठ किया। डोले में चलित और स्थायी डीजे साउंड सिस्टम पर हनुमान चालीसा की धून बजाई गई, जिसे भक्तों ने भी एक साथ गुनगुनाई।

**विधायक-सांसद ने की महाआरती :** अधिष्ठाता भगवान सिद्धनाथ महादेव शनिवार 10.30 बजे प्रजा का हाल जानने के लिए निकले। इसके पूर्व तड़के चार बजे मंदिर में भगवान का अभिषेक पूजन हुआ। सुबह 9 बजे गर्भगृह में आरती हुई। इसके बाद श्रृंगारित पालकी में भगवान सिद्धनाथ और भगवान महाबलेश्वर महादेव को विराजित किया गया। भगवान की आरती के बाद उन्हें पालकी में बैठाकर भावसार मोहल्ला स्थित

### झाकियों ने मोहा मन

शिवडोला आयोजन में भारत की संस्कृति का अनूठा संगम नजर आया। आठ अलग-अलग राज्यों के कलाकारों ने नृत्यों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भी रोमांचित कर दिया। 27 पौराणिक झांकी, चार अखाड़ा, 10 नृत्य दल, 10 ढोल .ताशा दल, एक नगाड़ा दल, दो भजन मंडली, दो घुड़सवार शामिल रहे। भक्तो के स्वागत के लिये 80 से अधिक स्थानों पर सेवा मंच के माध्यम से शिवभक्तों को स्वागत किया गया।

धर्मशाला तक लाया गया। यहां पालकी की अगवानी रूद्राक्ष मित्र मंडल ने की। मंडल के 21 नगाड़ों, झांझ, मंजिरा, शंखनाद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पुष्पवर्षा के साथ पालकी यात्रा भावसार धर्मशाला परिसर पहुंची है। यहां से भगवान को सुसज्जित ट्रेक्टर.ट्राली में विराजित किया गया। यहां विधायक बालकृष्ण पाटीदार, सांसद गजेंद्र पटेल, कलेक्टर भव्या मित्तल, एसपी धर्मराज मीना, शिवडोला समिति पदाधिकारियों ने महाआरती की। इसके बाद भगवान यहां से नगर भ्रमण के लिए निकलें।

शिवडोला समिति प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया भगवान सिद्धनाथ और महाबलेश्वर महादेव की मुख्य झांकी दोपहर करीब 3 बजे बावड़ी बस स्टेंड पहुंची, जबकि शिवडोले में शामिल अखाड़ों, झांकियों आदि का कारवां 3 किमी दूर बस स्टेंड पहुंच गया था। बस स्टेंड से बावड़ी बस स्टैंड तक समूचा मार्ग शिवभक्तों से पटा नजर आया। यहां भक्तों का अद्भुत समागम देखने को मिला, चहुंओर केवल शिवभक्त और शिवडोले में शामिल झांकियां, डीजे, अखाड़े कलाकार ही दिखाई दे रहे थे।

### रहा उत्सवी माहौल

शहर में शिवडोले की शुरुआत पांच दशक पूर्व हुई थी। इसके बाद से हर साल यह आयोजन होता रहा है। निमाड़ के लिए यह आयोजन अब एक उत्सव का रूप ले चुका है। जिसका पूरे साल भक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता है। उल्लेखनीय है कि शिवडोला आयोजन प्रदेश के तीन बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल है।

भगवान श्री सिद्धनाथ जिस-जिस मार्ग से गुजरे रास्ते में उनके दर्शन के लिए श्रद्धालू लालायित दिखाई दिए। श्री सिद्धनाथ की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालू आतुर रहे। भगवान श्री सिद्धनाथ जब प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले तो उनके आगे-आगे झिलमिलाती झाकिंयो, स्वांग दल, लोकनृत्य दल, भजन मंडलियां, अखाड़ा के कलाकार उनकी अगुवानी करते हुए चल रहे थे।

**हर कदम पर लगे थे सेवा स्टॉल :** शिवडोले में शामिल शिवभक्तों की सेवा में कदम-कदम पर सेवा स्टाल लगे हुए थे। करीब 80 से अधिक स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सेवा स्टॉल लगाकर भक्तों को स्वल्पहार और चाय-पानी का वितरण किया गया। उधर, आयोजन को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही। शिवडोला मार्ग पर चप्पेण्चप्पे पर पुलिस जवान और अधिकारी तैनात नजर आए।

## तिरंगा यात्रा में दिलाई स्वच्छता की शपथ, राष्ट्रगान के साथ हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर( निप्र )।** सोमवार सुबह 10 बजे नगर परिषद कार्यालय से स्कूली बच्चों ने राष्ट्रध्वज हाथ में थाम कर तिरंगा यात्रा निकाली नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्वेता शुक्ला तहसीलदार कैलाश सस्त्या थाना प्रभारी दीपक यादव सी एम ओ संजय रावल मंडल अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाटीदार,उप यंत्री आरती मंडलोई खंड शिक्षा अधिकारी डॉ बसंत वर्मा प्राचार्य जे के सोनी एस एस डावर ने भी तिरंगा थाम कर कदमताल




की ।तिरंगा यात्रा सब्जी मार्केट डाक घर बस स्टैंड एम जी रोड झंडा चौक वाचनालय स्कूल मैदान होकर होकर वापस बस स्टैंड पहुंची जहां नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे द्वारा स्कूली बच्चों और गणमान्य लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई ।इसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान हुआ ।इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकंवर तारा स्कूल , संदीपनी स्कूल एक्सलेंट एकेडमी के विद्यार्थी शिक्षक दिलीप खेडेकर दीपक चौबे अजित सिंह चौहान एन सी सी अधिकारी राकेश बरिया मुश्ताक पठान अरुणा चौहान शबनम खान नगर परिषद के पार्षद कमलेश भार्गव साबीर पठान अनिल वर्मा इमरान कुरैशी, ब्रह्मदत्त चौहान जगदीश केवट ,मुन्ना तवर,संदीप हिरवे,रत्नदीप मोयदे सहित नगर परिषद स्टाफ और गणमान्य शामिल रहे।

## माध्यमिक विद्यालय जामन्यापानी में अजय कुशवाह का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**बिस्टान।** माध्यमिक विद्यालय जामन्यापानी में माध्यमिक शिक्षक अजय कुशवाह की प्रतिनियुक्ति विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक के पद पर होने से ग्राम पंचायत स्तरीय बिदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष कालू सिसोदिया की अध्यक्षता तथा माननीया सरपंच महोदया श्रीमती गजरीबाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके पश्चात मानवी चौहान, शीनू डावर, बिनु डावर आदि विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सुनाकर अजय कुशवाह जी के योगदान को याद किया। ग्राम के प्रतापसिंह सिसोदिया एवं सरपंच प्रतिनिधि




सुखलाल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कुशवाहजी ने इस ग्राम में 22 वर्ष पूर्व अपना शिक्षकीय जीवन आरम्भ किया। महज 3 विद्यार्थियों के साथ प्रोन्नत माध्यमिक विद्यालय की शुरुआत पूरे समर्पण और मनोयोग से की, जिसके परिणाम स्वरुप छोटी सी आबादी वाले विद्यालय में वर्तमान में 62 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। संस्था में अध्ययन किये हुए कई छात्र आज शासकीय एवं निजी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विकासखण्ड व जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

### स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

इस अवसर पर विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों ने उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भावुक क्षण तब आए जब अजय कुशवाह जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जिस सम्मान और स्नेह से आप सभी ने मुझे सराहा, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। आपके प्यार, सहयोग और विश्वास ने मेरे कार्यकाल को यादगार बनाया। मैं विद्यालय, विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहकर्मी साथियों की मधुर स्मृतियों को सदा संजोकर रखूँगा। आपका यह सम्मान मेरे लिए प्रेरणा और उत्तरदायित्व दोनों है। विशेष रूप से सम्मान समारोह में पधारे आप सभी आदरणीय साथियों का हृदयतल से असीम धन्यवाद एवं आभार।

## अहिल्या उत्सव आयोजन समिति की प्रथम बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**महेश्वर, निप्र।** अहिल्या उत्सव आयोजन समिति की प्रथम बैठक आज नगर के बाजार चौक स्थित लाइब्रेरी भवन में संपन्न हुई, जिसमें नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस बार के कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

बैठक में सभी उपस्थितजनों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। सर्वसम्मति से यह विचार सामने आया कि कार्यक्रम में नगर की आम जनता सहित सभी वर्गों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष



जोर दिया जाना चाहिए ।बैठक में समिति के सदस्य द्वारा मनोज पाटीदार को समिति का अध्यक्ष निर्वाचित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। मनोज पाटीदार को यह दायित्व सौंपा गया कि वे अपने नेतृत्व में एक कार्यकारिणी समिति का गठन करें, जो आगे कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित करे।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने कहा कि 卐कोरोना काल से पूर्व संस्था कार्यक्रमों का आयोजन बहुत उच्च स्तर पर करती आ रही थी, किंतु कुछ कारणों से पिछले वर्षों में कार्यक्रम का स्तर और लोगों की भागीदारी कम हो गई थी। अब आवश्यकता है कि पुराने भवन का जीर्णोद्धार हो तथा कार्यक्रम पुनः उसी गरिमा के साथ स्थापित हो ।卐 उन्होंने कार्यक्रम संयोजक एवं नव-निर्वाचित अध्यक्ष मनोज पाटीदार को ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक बताते हुए इस जिम्मेदारी को निभाने का विश्वास व्यक्त किया ।बैठक में समिति प्रबंधक रोहित सोनी ने संस्था की अब तक की गतिविधियों, परंपरागत कार्यक्रमों और सहयोगात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष मथुरालाल पाटीदार ने अपनी कार्यकारिणी की ओर से पूर्ण सहयोग देने की घोषणा की।

**एक नजर में** | **विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया**

# बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक एवं परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किया






### स्टैच्यू पर माल्यार्पण किया गया

भ्रमण के दौरान नगर पंचायत परिषर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के स्टैचू पर माल्यार्पण किया गया। भ्रमण के प्रारंभ में सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष श्री रणजीत सिंह मंडलोई एवं सदस्यों सोमल चौहान, अनिल धारवे, कपिल खराड़े ,सावन मुजाल्दे, राजकुमार वास्कले ,इंजीनियर संतोष डावर जी , शंकर मेड़ा एवं आयोजन समिति के सदस्यों एवं माता बहनों द्वारा महापुरुषों के छाया चित्रों पर माल्यार्पण किया गया ।

नवभारत न्यूज

**कसरावद। सर्व आदिवासी समाज के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा घोषित 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस परंपरागत रूप से मंडी प्रांगण कसरावद में एकत्रित होकर मनाया गया। बालिकाओ द्वारा सांस्कृतिक एवं परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।**

आकास, अजाक्स, जयस के पदाधिकारीयों द्वारा आईटीआई कॉलेज में पौधारोपण किया गया एवं जल, जंगल, जमीन के संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया। मंडी प्रांगण में समाज के पदाधिकारी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा, एवं सामाजिक विकास पर अपने विचार व्यक्त किए गए। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश बागदरे जी ,पूर्व मंडी अध्यक्ष मांगीलाल गाडगे जी, नानसिंह मंडलोई , प्रोफेसर अर्जुन गोरे, डॉक्टर रोहित ठाकुर जी ,राजकुमार मोहरे, आकास अध्यक्ष पदमसिंह जमरे, श्री राजाराम खांडे जी पूर्व प्राचार्य, श्री अशोक राणे जी, श्री जगनसिंह डुडवे जी ,बालू सिंह जमरे आदि वरिष्ठ जनों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। सर्व आदिवासी संगठन के आयोजन समिति के द्वारा क्षेत्र से पधारे हुए समस्त समाज जनों के लिए स्वल्पाहार की निशुल्क व्यवस्था की थी। रैली मंडी प्रांगण से होते हुए जय स्तंभ चौराहा, छोटा नाका ,कुशवाहा मोहल्ला, यादव मोहल्ला, बड़ी माता मंदिर ,मंडलेश्वर रोड, बस स्टैंड से होते हुए मंडी प्रांगण में समापन हुआ ।रैली भ्रमण के दौरान नगर कसरावद में जगह-जगह पुष्प वर्षा, स्वल्पाहार करवाया गया। रैली में तहसील के अनेक क्षेत्रों से लगभग 10000 समाज जन उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम का संचालन श्री उमेश ठाकुर आकास कार्यकारी अध्यक्ष एवं आभार अजाक्स अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह देवले जी द्वारा आभार प्रकट किया गया। पुलिस प्रशासन एवं मीडिया द्वारा कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग रहा।